UPSI180002712014

**न्यायलय Civil Judge Junior Division Mahmoodabad, Sitapur**

**पीठासीन अधिकारी-** (Amit Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519**

मूलवाद सं० Civil Suit/409/2014

**HARIDATT SINGH Vs. SURENDRA SINGH**

**06.10.2021**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर उभय–पक्ष उपस्थित। आज पत्रावली वास्ते निस्तारण सी0आर0 नियत है।

कमीशन आख्या पर सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

**निस्तारण कमीशन आख्या–**

पत्रावली में अमीन कमिश्नर आख्या 14ग मय मानचित्र दाखिल है। कमिश्नर द्वारा विवादित स्थल की चौहद्दी व पैमाईश दर्शाते हुए आख्या प्रस्तुत की गयी है। उक्त कमीशन आख्या के विरूद्ध वादी द्वारा आपत्ति 27ग एवं प्रतिवादी द्वारा आपत्ति 28ग प्रस्तुत की गयी है।

अमीन कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत कमीशन आख्या विवादित वाद सम्पत्ति के सम्बन्ध में है, जिसमें कमिश्नर द्वारा विवादित वाद सम्पत्ति की सीमाओं को दर्शाया गया है। साथ ही साथ उसकी भुजाओं की लम्बाई–चौड़ाई भी दर्शायी गयी है। वादी एवं प्रतिवादी द्वारा जो आपत्ति की गयी है, वह तथ्यात्मक प्रकृति की है। पत्रावली पर अभी उभय–पक्षों की साक्ष्य आना शेष है। कमिश्नर की आख्या विवादित वाद सम्पत्ति के सम्बन्ध में न्यायालय को सहयोग करने के लिए है। ऐसे में अमीन कमिश्नर की आख्या 14ग–2 साक्ष्याधीन पुष्ट किये जाने योग्य है।

**आदेश**

कमीशन आख्या 14ग–2 साक्ष्याधीन पुष्ट की जाती है। आपत्ति वादी एवं प्रतिवादी तद्नुसार निस्तारित की जाती हैं। पत्रावली वास्ते साक्ष्य दिनांक–18.10.2021 को पेश हो।

(अमित सिंह)
सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code-UP-2519

**अजय / स्टेनो–**

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.10.06 15:49:12 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmoodabad, Sitapur.